# शौक को स्टार्टअप में बदलें

## ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये आप अपने शौक को एक सफल स्टार्टअप में बदल सकते हैं




डाफ्ने डेमेट्री

हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू


बहुत से लोगों का किसी स्टार्टअप में कदम रखना जुनून होता है। कुछ लोग इसे एक अतिरिक्त काम के रूप में भी देखते हैं। लेकिन अगर आपका शौक ही एक सफल स्टार्टअप में बदल जाए तो?

इसके लिए आपको अपने शौक को एक स्टार्टअप में बदलने के व्यवहार्य तरीकों से परिचित होना जरूरी है। उद्यमी बनने के मार्ग की कल्पना करते हैं, तो हम अक्सर एक सीधे रास्ते की कल्पना करते हैं, जो अपनी नौकरी छोड़कर एक व्यवसाय शुरू करने से है। लेकिन ऐसे बहुत से उदाहरण हैं, जिन्होंने नौकरी के साथ ही अपने शौक को सफल उद्यम में तब्दील किया है। इसलिए अगर आपके पास किसी विशेष क्षेत्र में गहरी रुचि और कौशल है, तो कुछ विशेष बातों को ध्यान में रखकर उससे जुड़ा स्टार्टअप खोल सकते हैं। इसलिए ऐसी कोई भी कार्य योजना बनाते समय तैयार रहना महत्वपूर्ण है।

Harvard Business Review

**■ नौकरी के साथ शुरू करें स्टार्टअप**

बढ़ती संख्या में लोग अपनी दैनिक नौकरियों को बनाए रखने के साथ-साथ व्यावसायिक गतिविधियों में संलग्न होकर उद्यमशीलता की क्षमता का परीक्षण कर रहे हैं। विशेष रूप से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने शॉर्ट-टर्म स्टार्टअप को सक्षम बनाने में मदद की है। बहुत से लोग छोटी शुरुआत करते हैं और अपने शौक को पार्ट-टाइम जॉब में बदल देते हैं। फिर, जैसे-जैसे रुचि बढ़ती है, आप पूर्णकालिक व्यवसाय के लिए अपनी प्रतिबद्धता का विस्तार करने के बारे में सोचना शुरू कर सकते हैं।

**■ अपने लक्ष्यों को जानें**

स्टार्टअप शुरू करने से पहले अपने लक्ष्यों को पहचानें और उसे निर्धारित करें। जरूरी नहीं कि आपका शौक आपका पूर्णकालिक व्यवसाय ही हो। इससे पहले कि आप स्टार्टअप योजना बनाएं, सुनिश्चित करें कि ऐसे भी ग्राहक हैं, जो आपके शौक में रुचि रखते हैं। इसलिए अपनी रुचि का पता लगाने के लिए अपने शौक को अपने नजदीकी लोगों के साथ साझा करें।

**■ कमाई के तरीकों के बारे में सोचें**

आर्थिक रूप से स्थायी स्टार्टअप बनाने के लिए आपको बाकि लोगों से हटकर कुछ बेहतर करना होगा। सबसे




पहले आप अपनी शौक को प्रोफेशनल रूप दें, इसके बाद स्टार्टअप की शुरुआत करें। आपको समझना होगा कि अपने शौक को किस तरह बेहतर बनाकर मार्केट में लाया जा सकता है। अपनी हॉबी वाले स्टार्टअप में सभी काम तय समय-सीमा पर करें।

**■ बर्न आउट से बचें**

अपने व्यवसाय को बढ़ाने की प्रक्रिया में, बर्नआउट की संभावना पर विचार करें। क्या व्यवसाय स्थापित करने के बाद भी आपको शौक में आनंद मिलेगा? जवाब चाहे जो भी हो, शौक को मजेदार बनाए रखने के लिए सावधानी बरतें। जरूरत से ज्यादा प्रतिबद्ध न हों और अपने शौक को नापसंद न करें। खाली समय निर्धारित करें और अत्यधिक कार्यभार को सीमित करें।